# छगन मगन मेरे लाल को आजा रे निंदिया आ लिरिक्स

छगन मगन मेरे लाल को,
आजा रे निंदिया आ,
चंचल मन घनश्याम के,
नैनन बीच समा,
आजा री निंदिया आजा,
आजा री निंदिया आ।bd।

---

जप तप पूजा पाठ सो,
विधिना दिया मोहे लाल,
सो जा कन्हैया लाड़ले,
मैया बजावे ताल,
कैसे सुलाऊँ लाल को,
धीरे धीरे लोरी गा,
छगन मगन मेरें लाल को,
आजा रे निंदिया आ।bd।

---

सोवे कन्हैया पालनो,
बांकि है छवि अभिराम,
आंगन की शोभा है मेरो,
मनमोहन घनश्याम,
आजा रे नींदिया लाल को,
मैया रही तुझको बुला,
छगन मगन मेरें लाल को,
आजा रे निंदिया आ।bd।

---

छगन मगन मेरे लाल को,
आजा रे निंदिया आ,
चंचल मन घनश्याम के,
नैनन बीच समा,
आजा री निंदिया आजा,
आजा री निंदिया आ।bd।

**Singer – Virender Sanwra**
प्रेषक – नितेश कुमार द्विवेदी
**8528076338**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com